(2)

# महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना, म0प्र0

## पी.ए.टी. 2024 ऑनलाईन ऑफ केम्पस काउंसिलिंग प्रक्रिया

## PAT B.Sc.(Hons.) Agriculture

### म0 प्र0 ऑनलाईन ऑफ केम्पस काउंसिलिंग हेतु प्रमुख तीन चरण

1. ऑन लाइन पंजीयन (**M.P.Online Registration**)
2. ऑनलाईन आवंटन एवं दस्तावेजों का सत्यापन (**Online Allotment and Documents Verification**) काउंसिलिंग के समय विश्वविद्यालय में
3. विश्वविद्यालय में उपस्थिति एवं प्रवेश (**Attendance and Admission in college**)

काउसिलिंग में **PAT** परीक्षा 2024 के प्राप्ताकों के आधार पर पंजीकृत होने वाले समस्त श्रेणी के समस्त अभ्यर्थियों को निम्नलिखित 01 से 03 चरण का पालन करना होगा।

1. **(a)** ऑनलाईन पंजीयन (**M.P.Online Registration**)

समस्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को काउसिलिंग में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन पंजीयन कराना होगा। ऑनलाईन काउंसिलिंग में सम्मलित होने के लिये सभी अभ्यर्थियों को **MP Online Portal** पर ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन हेतु अभ्यर्थी इन्टरनेट के माध्यम से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट की बेवसाइट **www.mgcgv.mponline.gov.in.** द्वारा प्रदेश में कहीं से भी पंजीकृत हेतु सम्मिलित हो सकेंगे।

**(b)** सफलतापूर्वक लॉगईन पश्चात् अभ्यर्थी अपने पी.ए.टी. रोल नंबर तथा जन्म तिथि का उपयोग कर विश्वविद्यालय में पंजीयन करें। इस कार्यवाही के लिये निम्नानुसार प्रकिया का पालन करना होगा।

- अभ्यर्थियों को शुल्क रूपये 600/– और महिला अभ्यर्थी एवं एस–सी तथा एस–टी अभ्यर्थियों को रू0 300/–का ऑनलाईन भुगतान करना होगा जो कि अप्रतिदेय (**Non refundable**) है। अभ्यर्थी ऑनलाइन भरा हुआ पंजीयन आवेदन संभालकर अपने पास रखें।
- शुल्क भुगतान के लिए **M.P.Online portal** में दिये विकल्प का उपयोग किया जा सकता है।

2. ऑनलाइन आवंटन एवं दस्तावेजों का सत्यापन(**Online Allotment and Documents Verification**)

सभी आवेदकों द्वारा ऑनलाईन पंजीकरण के समय प्राप्त किये गये **PAT** के अंक एवं श्रेणी के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की सूची गुणानुकम के अनुसार घोषित की जायेगी जो विश्वविद्यालय की बेवसाइट में प्रदर्शित होगी। तत्पश्चात् मूल दस्तावेजों का

Scanned with OKEN Scanner

(4)

विश्वविद्यालय में दिये गये तिथि अनुसार फ्री या पेमेन्ट सीट में प्रवेश हेतु सत्यापन करवाना एवं प्रवेश लेना होगा।

- अर्हकारी परीक्षा पी.ए.टी–2024 की अंकसूची
- 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
- 12वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
- जाति प्रमाण पत्र यदि लागू हो
- आय प्रमाण पत्र यदि लागू हो
- मध्य प्रदेश के मूल निवासी प्रमाण पत्र यदि लागू हो
- कार्यरत कृषक प्रमाण पत्र यदि लागू हो
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/सैनिक प्रमाण पत्र यदि लागू हो
- गैप प्रमाण पत्र यदि लागू हो
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण पत्र (EWS) आवश्यकतानुसार यदि लागू हो
- दिब्यांग (PWD)आवश्यकतानुसार यदि लागू हो
- ऑनलाईन आवेदन का प्रिंट आउट एवं शुल्क भुगतान की पावती

3. विश्वविद्यालय में उपस्थिति एवं प्रवेश (Reporting and Admission in Colleges)
   1. अभ्यर्थी प्रवेश लेने हेतु संस्था में काउंसिलिंग शुल्क भुगतान की पावती तथा अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं आवश्यक शुल्क के साथ उपस्थित होगे। फ्री सीट (Free sheet) में प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों को आवश्यक शुल्क रू0 17635/– एवं पेमेन्ट शीट (Payment sheet) में प्रवेशित अभ्यर्थिया को रू0 37335/– का भुगतान करने के उपरान्त ही प्रवेश मान्य होगा। फ्री सीट में प्रवेश पाये एस–सी, तथा एस–टी, वर्ग के अभ्यर्थियों को आवश्यक शुल्क का भुगतान म0प्र0 शासन के नियमानुसार करना होगा किन्तु यदि इस कटेगरी के अभ्यर्थी पेमेन्ट शीट (Payment sheet) में प्रवेश पाते हैं तो उन्हें आवश्यक शुल्क रू0 37335/– का भुगतान करने के उपरान्त ही प्रवेश मान्य होगा।
   2. अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेजों को विश्वविद्यालय में नियत दिनांक पर प्रस्तुत करेगा उसके उपरान्त आवश्यक प्रवेश शुल्क का भुगतान विश्वविद्यालय में करने के बाद शुल्क पावती की एक छाया प्रति संस्था में जमा करेगा तथा एक प्रति अपने पास रखेगा।

Scanned with OKEN Scanner